ईपीआई–राजभाषा अनुभाग
कॉर्पोरेट कार्यालय

डीएलआई/राजभाषा/प्रतिभा–08 22 जुलाई, 2025

परिपत्र

विषय – हिंदी विषय में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले ईपीआई परिवार के मेघावी छात्रों को वर्ष–2025 का प्रतिभा पुरस्कार

प्रतिभा पुरस्कार योजना के अंतर्गत कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा प्रतिवर्ष कॉर्पोरेट कार्यालय तथा समस्त क्षेत्रीय तथा साइट कार्यालयों में कार्यरत सहकर्मियों के मेघावी बच्चों को अपनी कक्षा में हिंदी विषय में उत्तम अंक प्राप्त करने पर प्रतिभा पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

इस योजना में कक्षा–5 से कक्षा–12 तक की परीक्षाओं में हिंदी विषय में उत्तम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी भाग ले सकते हैं जिन्होंने कक्षा–5 से कक्षा–8 तक की वार्षिक परीक्षा (गत वर्ष की अंतिम परीक्षा) में हिंदी विषय में कम से कम 75 प्रतिशत अंक तथा कक्षा–9 से कक्षा–12 तक की अपनी कक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। प्राप्त अंकों के आधार पर निर्णय के अनुसार पुरस्कार दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त हिंदी प्रतिभा पुरस्कार योजना के अंतर्गत अपने वर्ष में प्रथम आने वाले प्रत्येक छात्र को एक वर्ष के लिए रीडर डाइजेस्ट (Reader's Digest)जैसी पत्रिका/पत्रिकाएं भी कार्यालय की ओर से भेंट के रुप में प्रदान की जाती हैं, जिसका व्यय संबंधित कार्यालय उठाता है। इस संबंध में निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम माना जाता है।
सभी सहकर्मियों से अनुरोध है कि वे इस योजना की समयावधि में आने वाले अपने पुत्र/पुत्री के वर्ष–2025 के वार्षिक परीक्षा परिणाम की फोटोप्रति (सत्यापित), हिंदी में लिखे संक्षिप्त विवरण के साथ प्रभागाध्यक्ष, समस्त क्षेत्रीय तथा साइट कार्यालयों के प्रभारी द्वारा सत्यापित करवाकर कॉर्पोरेट कार्यालय के राजभाषा प्रभाग में दिनांक 05 अगस्त, 2025 (मंगलवार) तक अधोहस्ताक्षरी के पास भेज दें, जिससे उसे वर्ष 2025 की प्रतिभा पुरस्कार योजना में शामिल किया जा सके। समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले नामांकन को स्वीकृत नहीं किया जाएगा। प्रतिभा पुरस्कार का वितरण हिंदी पखवाडा–2025 के समापन समारोह में किया जाएगा। पुरस्कृत विद्यार्थियों के नामों की सूचना संबंधित सहकर्मियों को भेज दी जाएगी।

डॉ. म. शं. गवई 22/7/25

(डॉ. मनीष शंकरराव गवई)
प्रबंधक(राजभाषा)
एवं सदस्य सचिव, रा.का.सं.

समूह महा प्रबंधक एवं अध्यक्ष, रा.का.सं.
समस्त प्रभागाध्यक्ष
समस्त राजभाषा नोडल अधिकारी
ईपीआई के समस्त क्षेत्रीय तथा साइट कार्यालय
सूचना पट्ट
वेबसाइट पर डालने हेतु (सूचना प्रौद्योगिकी)